# द्रव्यवती नदी 45 दिन में साफ करने का दावा करने वाले अफसर 25 दिन बाद भी गिनाते रहे खामियां

## नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने 20 सितंबर को किया था निरीक्षण



नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने मंगलवार को जेडीए मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट की साफ-सफाई पर चर्चा की। बैठक में जे.डी.ए. आयुक्त आनंदी, ग्रेटर निगम कमिश्नर रूकमणि रियाड व हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा समेत कई अधिकारी व टाटा कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

- टाटा कंपनी ने फ्लोटिंग रिमूवल, चेक डेम क्लिनिंग, ग्रास कटिंग, सिविल रिपेयर वर्क और पेंटिंग वर्क के लिए 30 अक्टूबर तक का समय मांगा बैठक में
- द्रव्यवती नदी की गंदगी के लिए उद्योगों और डाइंग कंपनियों को जिम्मेदार बताकर खुद की लापरवाही छिपाते रहे अफसर

**जयपुर** (कासं)। अमानीशाह नाले का नाम बदलकर भले ही द्रव्यवती नदी रख दिया गया हो, लेकिन अभी भी इसकी हालात नाले जैसे ही है। सीवरेज का गंदा पानी और इसकी दुर्गंध के कारण जहां से यह नदी गुजरती है, वहां के रहवासियों का रहना मुश्किल है। टाटा कंपनी और जेडीए के अफसरों की लापरवाही के कारण यह प्रोजेक्ट पिछले 7 सालों में भी अपने मूल रूप में धरातल पर नहीं उतर पाया।

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने गत 20 सितंबर को जब जेडीए के अफसरों के साथ इस पूरे प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था तो उन्होंने 45 दिन में द्रव्यवती नदी को साफ करने का दावा किया था। करीब 25 दिन बाद मंगलवार को जब वैभव गालरिया ने जेडीए आयुक्त आनंदी, ग्रेटर निगम कमिश्नर रूकमणि रियाड व हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा के साथ इस प्रोजेक्ट को लेकर रिव्यू मीटिंग बुलाई तो जेडीए, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी और टाटा कंपनी के प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आये।

जेडीए के अधिकारियों ने बताया कि सुशीलपुरा में निर्माणाधीन 20 एम.एल.डी. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में जेडीए ट्रिब्यूनल में वाद लंबित है। जेडीए कमिश्नर के निर्देश पर राजस्थान उच्च न्यायालय में अपील की जा चुकी है, इस मामले में सुनवाई 10 नवंबर को तय है, जिसकी प्रभावी पैरवी की तैयारी की जा रही है। इसके बाद सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट का शीघ्र पूर्ण कर लेंगे, जिसके बाद सीवर के गंदे पानी की आवक द्रव्यवती नदी में आने से रोक सकेंगे। ऐसे में जेडीए के अधिकारियों ने कोर्ट केस का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

इस पर वैभव गालरिया ने जब बोटेनिकल पार्क के पास के पास द्रव्यवती नदी में जा रहे सीवरेज के गंदे पानी के बारे में पूछा तो अधिकारी बगले झांकते नजर आए।

वहीं दूसरी ओर टाटा प्रोजेक्ट्स के अधिकारियों ने भी द्रव्यवती नदी को साफ करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर फ्लोटिंग रिमूवल, चेक डेम क्लिनिंग, ग्रास कटिंग, विभिन्न सिविल रिपेयर वर्क, विभिन्न पेंटिंग वर्क एवं स्लज रिमूवल का कार्य पूरा करने के लिए 30 अक्टूबर तक का समय मांग लिया।

वैभव गालरिया ने कहा कि जेडीए, ग्रेटर व हैरिटेज निगम प्रशासन द्रव्यवती नदी में वर्षा जल के साथ बहकर आने वाले कचरे व गंदगी इत्यादि को सीधे नदी में बहकर जाने से रोकने का समाधान ढूंढे।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के अधिकारियों ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि सुदर्शनपुरा, 22 गोदाम एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्र में द्रव्यवती नदी में अनुपचारित जल आ रहा है, हमने नोटिस नोटिस जारी कर दिए हैं, नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि नदी क्षेत्र में कुछ उद्योगों और डाइंग इकाइयों द्वारा औधोगिक कचरे को सीवर के माध्यम से सीधे ही अनुपचारित सीवरेज का निवर्हन कर रही है। जिनमें सांगानेर क्षेत्र में 30 इकाइयां है। इसके समाधान के लिए जेडीए द्वारा औद्योगिक एसोसिएशन से समन्वय कर सीईटीपी का निर्माण करवाया जा रहा है। हालांकि वैभव गालरिया ने जेडीए अधिकारियों को इस सीईटीपी का कार्य पूर्ण कर शीघ्र क्रियान्वित के निर्देश दिए।

# माहेश्वरी नवयुवक मंडल का डांडिया महोत्सव



**जयपुर** । श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर द्वारा लातिम रंगरात्रि डांडिया महोत्सव 2024 आयोजित किया गया।

मंडल के संगठन प्रचार मंत्री अभिनव परवाल ने बताया कि कार्यक्रम के चेयरमैन अनिल शारदा थे, जबकि मुख्य अतिथि अचल निश्चल नवाल और विशिष्ट अतिथि विजय मोहता थे। मंडल कोषाध्यक्ष गोविंद राठी ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 2000 समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया और मां भगवती की पूजा अर्चना करके सभी ने डांडिया का लुफ्त उठाया। साथ ही इस कार्यक्रम के लिए सात दिवसीय गरबा वर्कशॉप भी आयोजन किया गया था। नवयुवक मंडल के सचिव सी.ए अखिल भाला ने बताया कि इस कार्यक्रम के पंकज चितलंगिया रहे एवं कार्यक्रम कोषाध्यक्ष आरव बांगड़ रहे। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज अध्यक्ष केदार भाला एवं शिक्षा महासचिव मधुसूदन बिहानी भी उपस्थित थे। समारोह के अंत में नवयुवक मंडल अध्यक्ष अभिषेक मान्धना ने सभी समाज बंधुओं को धन्यवाद दिया।

## *फ्लैट में युवती की लाश मिली*

**जयपुर**। बिंदायका इलाके में स्थित एक फ्लैट में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और फ्लैट का गेट तोड़कर अंदर पहुंची अर्द्धनग्न हालत में लाश बाथरुम में पड़ी मिली। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए और एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस युवती की संदिग्ध मौत को लेकर जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मृतका आरती गुप्ता (38) पुत्री अरुण गुप्ता वैशाली उत्सव अपार्टमेंट सिरसी-कुंडा बिंदायका की रहने वाली थी। जो अपार्टमेंट के फोर्थ फ्लोर पर फ्लैट में अकेली रहती थी। वह कुछ समय पहले स्कूल में टीचर की नौकरी करती थी। सोमवार देर रात आरती के नोएडा से आए परिजन बिंदायका थाने पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बेटी आरती सिरसी-कुंडा स्थित वैशाली उत्सव अपार्टमेंट में रह रही है। पिछले एक-दो दिन से वह मोबाइल भी नहीं पिक कर रही है। इस पर पुलिस फ्लैट पर पहुंची थी।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में अंदर सिंडिकेट की बैठक, बाहर विरोध



**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान विद्यार्थियों ने कुलपति कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर विरोध जताया, हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक लिया। इस पर छात्रों ने वहीं पर बैठकर पहले तो धरना दिया, फिर जमकर नारेबाजी की। राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बताया है कि, इस बैठक में विश्वविद्यालय से जुडे विभिन्न शैक्षणिक व अशैक्षणिक विषयों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। बैठक में विश्वविद्यालय में पूर्व में आयोजित की गई सिंडिकेट की बैठकों के निर्णयों पर भी चर्चा की गई। विश्वविद्यालय की वित्त समिति में सदस्यों के मनोनयन सहित प्रस्तुत जांच समितियों पर भी विचार किया गया। बैठक में अन्य सदस्यों के साथ विधायक गोपाल शर्मा, एवं कुलदीप धनकड ने भी भाग लिया।

# मध्यप्रदेश के अफसरों ने देखा राजस्थान में नि:शुल्क दवा का प्रबंधन और वितरण



मध्यप्रदेश की टीम ने जयपुर के चिकित्सा संस्थानों का भ्रमण करके दवाओं के भण्डारण, आपूर्ति और वितरण की व्यवस्था देखी।

- जयपुरिया हॉस्पिटल व आमेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचेगी टीम

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में नि:शुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन एवं प्रबंधन का अवलोकन करने मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉरपोरेशन की टीम मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंची। टीम ने प्रदेश में नि:शुल्क दवा योजना का प्रबंधन देखने के लिए जयपुर के चिकित्सा संस्थानों का भ्रमण किया।

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि राजस्थान नि:शुल्क दवा योजना के प्रबंधन व क्रियान्वयन में लगातार देश में अव्वल बना हुआ है। साथ ही, योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नवाचार एवं आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश की टीम प्रदेश में नि:शुल्क दवा योजना के प्रबंधन के अध्ययन हेतु राजस्थान आई है।

टीम ने पहले दिन नि:शुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की आपूर्ति एवं वितरण प्रक्रिया को समझने के लिए जयपुर शहर में मानसरोवर में किरण पथ स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सोडाला में देवीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया। यहां आरएमएससीएल के अधिकारियों ने दवाओं की आपूर्ति प्रक्रिया, वितरण एवं अवधिपार दवाओं के निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, ई-औषध सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवा आपूर्ति के ऑनलाइन प्रबंधन के बारे में भी अवगत कराया। शाम को मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने दवाओं की भण्डारण व्यवस्था को समझने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल स्थित मेडिकल कॉलेज ड्रग वेयरहाउस एवं सीएमएचओ कार्यालय स्थित डिस्ट्रिक्ट ड्रग वेयर हाउस जयपुर प्रथम एवं द्वितीय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां दवाओं के भण्डारण की व्यवस्था को करीब से देखा और आवश्यक जानकारी ली। टीम में एमपीपीएचसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पंकज जैन, महाप्रबंधक प्रोक्योरमेंट डॉ. राजेश गुप्ता, महाप्रबंधक वित्त विशाल शर्मा, महाप्रबंधक गुणवत्ता अभिनव सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

मध्यप्रदेश की टीम बुधवार को जयपुरिया हॉस्पिटल एवं आमेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण करेगी तथा स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में नि:शुल्क दवा योजना के विस्तृत प्रस्तुतीकरण का अवलोकन एवं मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करेगी।

# खगुल कृष्ण महाराज ने किया आचार्य नंदू महाराज का स्वागत



**जयपुर** । सौभरि ब्राहमण समाज मुहाना के द्वारा आयोजित श्रीमद्भगवत कथा महोत्सव में अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज (ब्रजवासी) ने कथा प्रवक्ता आचार्य नंद किशोर पांडेय का स्मृति चिन्ह भेंट कर व पगड़ी पहनाकर सैकड़ों भागवत प्रेमियों के मध्य नागरिक अभिनंदन किया ।

अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि कलयुग में भागवत भगवान के प्रचार प्रसार से सनातन धर्म की जीवंतता अक्षुण्ण रह सकती है । इस मौके पर सौभरि समाज की सरदारी ने अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज का भी पटुका पहनाकर सम्मानित किया । व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य नंद किशोर पांडेय "नंदू महाराज"(ब्रजवासी ) ने कृष्ण रुक्मिणी प्रसंग पर रोचक प्रकाश डालते हुए कहा कि जो लक्ष्मीपति बनने की कोशिश करता है उसको शिशुपाल की तरह रोना पड़ता है ।

# सवा 3 लाख पशुपालकों को 92.41 करोड़ रु. अनुदान राशि जारी

## मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना के तहत यह अनुदान राशि डेयरी किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई



पशुपालन-डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने सचिवालय में बैठकर मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना की अनुदान राशि जारी की।

**जयपुर** (कासं)। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को शासन सचिवालय में बैठकर मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना की 92.41 करोड़ रुपए की अनुदान राशि उनके बैंक खातों में सीधे ही डीबीटी के माध्यम से जारी की। इससे प्रदेश के लगभग 3.25 लाख पशुपालक लाभान्वित होंगे।

मीडिया से बातचीत करते हुए कुमावत ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों को दूध के मूल्य का भुगतान आरसीडीएफ द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना के अंतर्गत 5 रुपए की अनुदान राशि भी दुग्ध उत्पादकों को दी जा रही है, जिससे दुग्ध उत्पादकों को दुगुना फायदा हो रहा है। इस योजना का लाभ सीधे दुग्ध उत्पादकों को उनके बैंक खातों के माध्यम से पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सिस्टम द्वारा राशि हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लागू होने से दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि हुई है, जिससे दुग्ध उत्पादक किसान पशुधन का अच्छे से पालन-पोषण कर रहे हैं। साथ ही दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि हुई है जिससे राजस्थान दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भारत के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।

मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों एवं पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में वर्ष 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के लिए 600 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान किया गया। साथ ही हाल ही में दूरदराज के क्षेत्रों में पशुओं के इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए 536 मोबाइल वेटरनरी यूनिट और 1962 कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है। अब एक कॉल करते ही पशुपालक के द्वार पहुंचकर पशु का इलाज किया जा रहा है, जिससे पशुपालकों के धन और समय दोनों की बचत हो रही है।

कुमावत ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के विभिन्न शहरों में सरस पार्लर खोले जाएंगे। सरस बूथ, सरस मित्र एवं दुग्ध संग्रहण बढ़ाने पर भी विभाग काम कर रहा है।

पशुपालन शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि दुग्ध संग्रहण केंद्र एवं दुग्ध प्रोसेसिंग सेंटर्स की संख्या बढ़ाई जाए, जिससे दुग्ध एवं उससे बने उत्पादों दही, छाछ, मिठाई, आइसक्रीम आदि का उत्पादन बढ़ाया जा सके। आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना पशुपालकों के हितार्थ राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। अनुदान राशि से दुग्ध उत्पादकों को संबल मिल रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए दुग्ध उत्पादक, आरसीडीएफ के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अनुदान राशि हस्तांतरण में सहयोगी यस बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के पशुपालकों को दीपावली की सौगात देते हुए दुग्ध उत्पादन से सभी लम्बित दायित्वों के एक सप्ताह में भुगतान की घोषणा की थी।

## सार-समाचार

### संगीता गर्ग ने राजस्थान बाल संरक्षण आयोग की सुस्ती पर नाराजगी जताई



संगीता गर्ग

**जयपुर** । राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या संगीता गर्ग ने प्रदेश में बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सुस्ती पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में नाबालिग बच्चों से बलात्कार, मारपीट, छेड़खानी जैसे उत्पीडन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, जो कि बच्चों से संबंधित समस्याओं पर संज्ञान लेता है, मॉनिटरिंग करता है, वह मृतप्राय: सा पड़ा है । सबसे दुखद बात यह है पिछले 8-9 माह से आयोग में कोई अध्यक्ष नहीं है, संवैधानिक आयोग होने के नाते आयोग शक्ति निहित है, इसके बावजूद नियम विरूद्ध जाकर एक अधिकारी को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया जाता है। विडंबना है कि उन्होंने भी आज दिन तक कोई एक भी मिटिंग आयोग कार्यालय में नहीं की है । जबकि आयोग में हर महीने 5 मिटिंग करनी आवश्यक होती है, ऐसे में आयोग में कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति ही सुस्त रही।

### महापौर कुसुम यादव का सम्मान




**जयपुर**। हैल्प एण्ड सर्व चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्नेह मिलन, सम्मान समारोह व सामूहिक गोठ का आयोजन सूर्य मन्दिर, गलता घाटी पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुसुम यादव महापौर जयपुर नगर निगम हैरिटेज व भाजपा नेता रवि नैय्यर, विशिष्ट अतिथि पार्षद संतोष कंवर पार्षद नीरज अग्रवाल, सी.एस.शर्मा डीन अपोलो वेटनेरी कॉलेज की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। ट्रस्ट संरक्षक पूर्व पार्षद व चैयरमेन अजय यादव व निदेशक नीरज चतुर्वेदी ने बताया की ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के उन सदस्यों को सम्मनित किया गया, जिन्होंने अधिकाधिक घायल पक्षियों को रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई, अधिकाधिक परिण्डे लगा कर पक्षियों के पानी की व्यवस्था की व ट्रस्ट द्वारा आयोजित अनेक शिविरों के सफल संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथियों द्वारा ट्रस्ट में सहयोग देने वाले सम्मानित व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समापन पर सभी द्वारा सामूहिक भोजन किया। इस मौके पर कौशल गुप्ता राजकुमार चतुर्वेदी नन्दलाल शर्मा लखन साहू किशन जांगिड़, हरजिन्दर सिंह, माया तंवर, गोपाल अग्रवाल, संजय शर्मा व ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत कर्मचारियों ने धरना दिया




**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को कुलपति सचिवालय के बाहर लगे बैरीकेट्स के पास धरना दिया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सिंडिकेट में प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पेंशन राज्य सरकार वहन करें तथा जो भी कर्मचारी कार्य कर रहे है उन्हें नियमित करें। यदि उन्हें नियमित नहीं किया जाता है तो उन्हें संविदा पर रखने की मांग की गई। इस दौरान डॉ. जयंत सिंह, डॉ. निमाली सिंह तथा विधायक गोपाल शर्मानेधरना स्थल पर पहुंचे तो सिंडीकेट सदस्यों ने अपनी मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा। जिसे लेकर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि आपकी मांगे जायज है, जिन्हें सिंडीकेट में सकारात्मक विचार-विमर्श कर सुलझाया जायेगा। सेवानिवृत्त कर्मचारी एस.पी. पारीक ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवारत कर्मचारी हो या सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी हों, या एजेंसी प्रथा के कर्मचारी हों, अगर उनके साथ अन्याय किया जायेगा तो बर्दाश्त नहीं करेंगे। अनिश्चित कालीन कुलसचिव कार्यालय के बाहर धरना दिया जायेगा।

### रामअवतार कूलवाल बने अध्यक्ष



**जयपुर** । आगरा रोड स्थित सीताराम-सरस्वती एनक्लेव विकास समिति की वार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव सोमवार को संपन्न हुए, जिसमें रामअवतार कूलवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, गौरी शंकर जंगम को सचिव और हंसराज खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सीताराम-सरस्वती एनक्लेव कार्यकारिणी के चुनाव के समय समिति के पूर्व अध्यक्ष के.के. शर्मा, सुरेश गुप्ता, विशाल शर्मा, अंकित शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने अध्यक्ष का माल्यार्पण कर मीठा मुंह कराया और शुभकामनाएं दी।

### सीए सुधीर भंसाली अध्यक्ष बने



**जयपुर** । अखिल भारतीय भंसाली समाज जयपुर शाखा के चुनावों में सीए सुधीर भंसाली को अध्यक्ष और संजय भंसाली को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा, सीए मनोज भंसाली, रवि मेहता, और शंभु भंसाली को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनील भंसाली, सुमित भंसाली, और अभिषेक भंसाली को संयुक्त सचिव बनाया गया है, जबकि अशोक भंसाली को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 22 अन्य सदस्यों की कार्यकारिणी भी गठित की गई है। इसकी जानकारी अखिल भारतीय भंसाली समाज के उपाध्यक्ष संजय भंसाली द्वारा दी गई।

### एमवे इंडिया का जागरूकता अभियान

**जयपुर** । एमवे इंडिया ने अपने उत्पादों की अनधिकृत बिक्री के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने के लिए एक मजबूत जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस व्यापक रणनीति में शामिल जोखिमों के बारे में हितधारकों को शिक्षित करना, आपूर्ति श्रृंखला निगरानी बढ़ाने, अपराधियों के खिलाफ सख्त उपाय करने और अधिकृत वितरकों के लिए लक्षित सहायता सत्र और संसाधन शामिल हैं। कंपनी अपने वितरकों और उनके ग्राहकों को सोशल मीडिया अभियानों, समाचार पत्रों में कानूनी नोटिस और वेबसाइट पर चेतावनी संदेशों के माध्यम से अनधिकृत बिक्री जोखिमों के बारे में शिक्षित करती है, इसके अलावा अनुपालन टीम, एमवे वितरकों के लिए विशेष सत्र भी आयोजित करती है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय बदला

**जयपुर** । निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस) ओ.पी. बुनकर ने बताया कि वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के समस्त आंगनबाडी केंद्र दिनांक 16 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे। शेष गतिविधि पूर्व की भांति यथावत रहेंगी।